बरेली, सोमवार
16 मार्च, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण
PAGE NO :III MIDDLE

धूम मची है होरी ब्रज में... की प्रस्तुति दी

बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक प्रस्तुति 'अभिलाषा' का आयोजन हुआ। शुरुआत कथक के विद्यार्थियों अविधाना, अवनी, अनिका, गौरिका, कायरा, न्यारा, काव्य आदि ने दादरा पर लाइव प्रस्तुत गीत 'धूम मची है होरी ब्रज में' से किया। इन विद्यार्थियों ने लाइव ठुमरी पर 'डगर बीच कैसे चलूं' गीत और चैती की लाइव प्रस्तुति पर अष्टपदी पर प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने कथक गुरु रियाश्री चटर्जी मंच पर पहुंचीं और उन्होंने लाइव ठुमरी और चैती पर 'पिया मिलन की आस' पर अपनी प्रस्तुति दी। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई। इंस्ट्रूमेंटल गुरु दीपकांत जौहरी (तबला), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), शंभू सिसोदिया (सारंगी) ने अपने वाद्ययंत्रों के माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहता, डा. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।